nwda.gov.in

जल जागरण फेरी के माध्यम से बताया पानी का महत्व, वरिष्ठ नागरिकों ने किया जागरूक

जल जागरण

- ईस्ट आफ कैलाश में खराब पड़े वाटर हार्वेस्टिंग को ठीक कराने की मांग की
- महिलाओं से प्रण लिया कि घरों के काम में कम पानी का करें उपयोग

ईस्ट आफ कैलाश स्थित संत नगर की सीनियर सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्यों ने लिया जल जागरण फेरी में हिस्सा • जागरण

जागरण संवाददाता, दक्षिणी दिल्ली : ईस्ट आफ कैलाश स्थित संत नगर से ईस्कान टेंपल तक जल जागरण फेरी का आयोजन किया गया। रविवार को निकाली गई इस फेरी में संत नगर और ईस्ट आफ कैलाश के विभिन्न सोसायटी के 25 से अधिक वरिष्ठ नागरिकों ने हिस्सा लिया। लोगों ने जल है तो कल है, बूंद-बूंद पानी को बचाना एक मात्र संकल्प हमारा, जल बिन जीवन अधूरा जैसे नारे लगाएं। वरिष्ठ नागरिकों ने सड़क पर आते-जाते राहगीरों को पानी बचाने के लिए जागरूक किया। उन्होंने दैनिक जागरण द्वारा चलाए जा रहे इस जल जागरण अभियान की सराहना की। इस फेरी में वरिष्ठ नागरिकों ने महिलाओं ने हिस्सा लिया।

जल जागरण फेरी के बाद सीनियर सिटीजन एसोसिएशन द्वारा सत्तू शरबत का भी आयोजन किया गया। फेरी के बाद सभी ने सत्तू पीकर फेरी का अंत किया। राजाधीर सेन मार्ग स्थित दिल्ली विकास प्राधिकरण ईस्ट आफ कैलाश सामुदायिक भवन से निकली यह फेरी ईस्कान टेंपल तक गई। हाथों में जल जागरण का बैनर पकड़े लोगों ने पानी बचाने के लिए नारे लगाए। सीनियर सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष गोविंद सहगल ने फेरी के अंत में सभी सोसायटी के नागरिकों से निवेदन किया सभी अपने-अपने घरों के नल को हमेशा ठीक से बंद रखे। उन्होंने कहा कि सबसे अधिक पानी की बर्बादी वहीं से होती है एक-एक बूंद करके हमारे घरों से कई लीटर पानी रोजाना बर्बाद होता है। इसलिए सभी को पानी बचाने की शुरुआत अपने घर से करनी होगी। वहीं सोसायटी की उपाध्यक्ष नीलम मैनी ने फेरी में शामिल हुई महिलाओं से प्रण लिया कि घरों के काम में कम से कम पानी का उपयोग किया जाए। बिना फिजूल के पानी की बर्बादी न की जाए।

आरडब्ल्यूए सदस्य केश माथुर ने जल जागरण फेरी के माध्यम से ईस्ट आफ कैलाश में खराब पड़े वाटर हार्वेस्टिंग को ठीक कराने की मांग की। उन्होंने बताया का ईस्ट आफ कैलाश कई इलाकों को मिलकर बना है, लेकिन दुर्भाग्य की बात यह कि यहां जल संचयन के लिए कोई व्यवस्था नहीं है। जो है वो भी खराब पड़ी है। उन्होंने कहा कि यहा काफी घना इलाका है यहां प्रति दिन कई हजार लीटर पानी खर्च होता है लेकिन इसके बदले हम धरती में वापस पानी नहीं भेज पाते हैं। उन्होंने दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारियों से अपील की वह यहां वाटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था सुनिश्चित करें। बता दें कि जल जागरण फेरी में गोविंद सिंह सहगल, केश माथुर, हुकुम सिंह, वीरेंद्र कुमार सूध, नीलम मैनी, विजय कुमार, दिनेश ठाकुर, मोहन झा, वीरू दास, राज देव राय, हरे कृष्णा ठाकुर, भुवनेश्वर मंडल, अशोक यादव, अनु ठाकुर, रामू दास ठाकुर, भानू, सागर, जनार्धन यादव, रोशन यादव, अमन शर्मा, अमरजीत शर्मा आदि लोग मौजूद रहें।